एक नजर में

अखंड रामायण को 30 वर्ष पूर्ण होने पर निकली शोभायात्रा

सोयतकला, 16 जुलाई . गुरुवार को नगर में सुख-शांति, नगर की कामना को लेकर चल रही अखंड रामायण पाठ व अखंड ज्योति को 30 वर्ष पूर्ण होने पर मानस प्रचार संघ द्वारा बावड़ी के मंदिर पर धार्मिक आयोजन हुए . पंच कुंडीय हवन 108 सुंदर कांड का पाठ हुआ . दिन भर चले धार्मिक आयोजन के बाद शाम को रामायण की शोभायात्रा निकाली गई . नगर में अखंड रामायण की जगह-जगह पूजा-अर्चना और स्वागत किया गया, जो नगर के प्रमुख मार्ग को होते हुए बावड़ी के मंदिर पहुंची . शोभा यात्रा में श्रद्धालु झूमते हुए चल रहे थे . मंदिर में रामायण की पूजा-अर्चना के बाद महाप्रसादी वितरित की गई . मानस प्रचार संघ के विनोद गुप्ता, रामेश्वर पालीवाल, भेरूलाल सोनी, अशोक राठौड़, हरीश सोनी, सुरेश गुप्ता सहित सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे .

6 साल बाद पुलिस के हत्थे चढ़ा पत्नी की हत्या का आरोपी

शाजापुर, 16 जुलाई . करीब 6 साल से अपनी पहचान छिपाकर दूसरे प्रदेश में छिपे हुए एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है . पत्नी की हत्या के इस आरोपी को पुलिस ने तमिलनाडू के कांचीपुरम से पकड़ा है . जानकारी के अनुसार मामला 23 अक्टूबर 2020 का है . जब मूल रूप से देवास के रहने वाले 30 वर्षीय ललित पंचोली ने विजयनगर स्थित किराए के मकान में अपनी पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी थी . वारदात के बाद आरोपी ने सबूत मिटाने की भी कोशिश की थी . पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने की धाराओं में केस दर्ज किया था, जिसके बाद से ही वह लापता था . नवागत एसपी प्रियंका शुक्ला ने इस पुराने मामले को जल्द से जल्द सुलझाने के सख्त निर्देश दिए थे . इसके बाद एएसपी घनश्याम मालवीय और एसडीओपी अजय मिश्रा के नेतृत्व में एक स्पेशल टीम बनाई गई . सायबर सेल की जांच में सामने आया कि आरोपी पुलिस से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था . वह ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तमिलनाडु जैसे राज्यों में अपनी असली पहचान छिपाकर रह रहा था .

सायबर सेल ने तमिलनाडु के कांचीपुरम से दबोचा

पुलिस को उसकी सटीक लोकेशन तमिलनाडु के कांचीपुरम जिले में मिली . सूचना पुख्ता होते ही शाजापुर पुलिस की टीम ने कांचीपुरम में दबिश दी और ललित पंचोली को घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया और उसे लेकर शाजापुर पहुंची और आरोपी को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई है . इस छह साल पुराने अंधे कत्ल के आरोपी को पकड़ने में लालघाटी थाना प्रभारी अर्जुनसिंह मुजाल्दे, उपनिरीक्षक हेमंत पटेल, प्रभारी साइबर सेल प्रधान आरक्षक विकास तिवारी, प्रधान आरक्षक मुकेश पटेल, प्रधान आरक्षक जसवंत जाटव, आरक्षक अनिल सक्सेना, आरक्षक राजेश दांगी, आरक्षक घनश्याम राजपूत एवं आरक्षक रोहित बिलावलिया की उल्लेखनीय एवं सराहनीय भूमिका रही .

नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत शपथ ग्रहण आयोजित

सुसनेर, 16 जुलाई . मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार संचालित नशे से दूरी है जरूरी 2 .0 अभियान के अंतर्गत स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय सुसनेर में प्राचार्य डॉ .डीसी गुप्ता के निर्देशन में नशामुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया . कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ .डीसी गुप्ता ने विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय परिवार को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति, परिवार और समाज के लिए अत्यंत हानिकारक है . युवाओं को नशे से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य, शिक्षा एवं उज्वल भविष्य पर ध्यान देना चाहिए . उन्होंने सभी विद्यार्थियों से समाज में भी नशामुक्ति का संदेश फैलाने का आह्वान किया . कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने, किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों का सेवन न करने तथा दूसरों को भी नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करने की शपथ ली . कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना तथा स्वस्थ, सुरक्षित एवं सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा . कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्य एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे .

छात्राओं ने बैंक भ्रमण कर समझी वित्तीय साक्षरता

शुजालपुर, 16 जुलाई . गुरु पूर्णिमा पखवाड़ा के अंतर्गत शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शुजालपुर मंडी की छात्राओं का शैक्षणिक भ्रमण बैंक ऑफ बड़ौदा में कराया गया . इस दौरान छात्राओं को बैंकिंग प्रणाली की कार्यप्रणाली से रूबरू कराते हुए वित्तीय साक्षरता एवं सुरक्षित डिजिटल लेन-देन की महत्वपूर्ण जानकारी दी गई . भ्रमण के दौरान बैंक प्रबंधक धर्मेंद्र परमार एवं हरिओम परमार ने छात्राओं को बचत खाता, डिजिटल बैंकिंग, यूपीआई, एटीएम, साइबर सुरक्षा, ऋण सुविधाओं सहित बैंक द्वारा प्रदान की जाने वाली विभिन्न वित्तीय सेवाओं की जानकारी दी . साथ ही बैंक के नवाचारों और आधुनिक बैंकिंग व्यवस्था के बारे में भी विस्तार से बताया . छात्राओं ने बैंक की कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अवलोकन कर बैंकिंग सेवाओं की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की . कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में वित्तीय जागरूकता बढ़ाना, बचत की आदत विकसित करना तथा सुरक्षित डिजिटल लेन-देन के प्रति उन्हें सजग बनाना रहा . कार्यक्रम के अंत में जुजार सिंह परमार ने बैंक प्रबंधन, अतिथियों एवं उपस्थित छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए ऐसे शैक्षणिक भ्रमणों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया .

हर महीने मिलती है 50 लाख की बंदी ...!

जिले में 10 ठेकेदार संचालित कर रहे हैं शराब की दुकान

शाजापुर, 16 जुलाई. दुकानों की जांच न हो और क्षेत्र में अवैध शराब न बिके, इसके लिए हर महीना लाखों की रकम पुलिस और आबकारी विभाग को नजराने के तौर पर ठेकेदार बंदी के रूप में देते हैं. हर महीने लगभग 50 लाख रुपए की बंदी पुलिस और आबकारी विभाग में वितरित की जाती है. शाजापुर जिले में वर्तमान में लगभग 10 शराब के ठेकेदार अलग-अलग जगह पर दुकानें संचालित कर रहे हैं. शुजालपुर अनुभाग, शाजापुर अनुभाग में जितनी भी दुकानें शराब की संचालित हो रही हैं, उसके अंतर्गत पुलिस थाने और आबकारी को ठेकेदारों से मोटी रकम बंदी के रूप में मिलती है. आबकारी विभाग को इस बात की बंदी दी जाती है कि वो दुकानों की जांच न करे, अनियमितता पर केस न करे, और पुलिस को इस बात की बंदी मिलती है कि ठेकेदार के कहने पर वे तत्काल दबिश में उनका सहयोग करें.

गौरतलब है कि शाजापुर जिले में वर्तमान में लगभग 10 ठेकेदार अलग-अलग जगह दुकान संचालित कर रहे हैं. एक समय था जब जिले में एक या दो ठेकेदार हुआ करते थे, लेकिन आज हर क्षेत्र में एक अलग ठेकेदार है. शुजालपुर अनुभाग की बात करें, तो यहां हर महीने पुलिस को 10 लाख से अधिक की बंदी मिलती है. तो वहीं आबकारी विभाग के अमले को भी इतनी राशि वितरित की जाती है. कालापीपल क्षेत्र के ठेकेदारों को कालापीपल थाना में बंदी देना है. अवंतिपुर बड़ोदिया पुलिस को भी बंदी देना है. पुलिस की जो चौकियां हैं, उन्हें भी पद के अनुसार बंदी देना है. शाजापुर की बात करें, तो शाजापुर थाना, मोहन बड़ोदिया, मक्सी, बेरछा, सुंदरसी, सलसलाई एवं अन्य थानों में ठेकेदारों से पुलिस को लिफाफा पहुंचता है. यही हाल आबकारी विभाग का है. हर महीने आबकारी कार्यालय और जिले में उनके कार्यरत स्टाफ को भी हर महीने मोटी रकम बंदी के रूप में मिलती है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार लगभग 50 लाख रुपए की बंदी हर महीने पुलिस और आबकारी विभाग को दी जाती है.

शुजालपुर में आबककारी के एक अधिकारी को दोगुनी बंदी चाहिए

शुजालपुर अनुभाग में आबकारी विभाग के एक अधिकारी हैं, उन्हें वर्तमान में जितनी बंदी मिल रही है, उससे दोगुनी चाहिए और वे ठेकेदारों पर लगातार बंदी बढ़ाने का दबाव बनाते रहते हैं . लंबे समय से वे शुजालपुर और कालापीपल क्षेत्र में आबकारी विभाग में कार्यरत हैं . विधानसभा चुनाव के पहले कालापीपल में जहरीली शराब से चार लोगों की मौत हुई थी, यह मामला दबा दिया गया था, इसमें मामले को दबाने की भूमिका शुजालपुर अनुभाग में पदस्थ इन्हीं आबकारी अधिकारी की प्रमुख थी . पैसे की मांग के चलते इस क्षेत्र के ठेकेदार परेशान हैं, क्योंकि इन्हें हर महीने दोगुनी बंदी चाहिए .

पुलिस को कहां से कितनी बंदी मिलती है

मोहन बड़ोदिया थाना करीब 1 लाख रुपए महीना
मक्सी थाना करीब 60 हजार रुपए महीना
बेरछा थाना करीब 60 हजार रुपए महीना
सुनेरा थान करीब 50 हजार रुपए महीना
शाजापुर कोतवाली करीब 80 हजार रुपए महीना
लालघाटी थाना करीब 40 हजार रुपए महीना
शुजालपुर सिटी और मंडी थान करीब 80 हजार रुपए महीना
कालापीपल थाना करीब 60 हजार रुपए महीना

सुंदरसी, सलसलाई, गुलाना, अ . बड़ोदिया, पोलायकलां में किसी को 20 हजार तो किसी को 30 हजार रुपए महीना

एसडीओपी ऑफिस शाजापुर में करीब 1 लाख रुपए महीना
एसडीओपी ऑफिस बेरछा में करीब 60 हजार रुपए महीना
एसडीओपी शुजालपुर में करीब 90 हजार रुपए महीना
एएसपी कार्यालय शाजापुर करीब 1 लाख रुपए महीना

(नोट - उक्त आंकड़ा जिले के ठेकेदारों के अनुसार है . ये आंकड़ा अनुमानित है . इसमें आबकारी विभाग सम्मिलित नहीं है .)

छात्रावासों का निरीक्षण किया

शाजापुर, 16 जुलाई. जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग तथा अनुसूचित जाति विकास रमेश चौहान द्वारा गत दिवस शा.अनु जाति कन्या जू. छात्रावास शाजापुर, कन्या सीनियर छात्रावास क्रमांक 3 शाजापुर, कन्या उत्कृष्ट छात्रावास शाजापुर, बालक महाविद्यालयीन छात्रावास शाजापुर, बालक जूनियर छात्रावास शाजापुर एवं शासकीय राजा शंकरशाह रघुनाथ शा. बालक सीनियर छात्रावास शाजापुर का निरीक्षण किया गया. इस दौरान उन्होंने छात्रावास परिसर, कक्षाओं एवं शौचालयों में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए गए. छात्राओं से संवाद कर उन्हें स्वच्छता, अनुशासन एवं समय पर पौष्टिक भोजन एवं नाश्ता करने के लिए प्रेरित किया. छात्रावास में निर्धारित मेन्यू के अनुसार भोजन उपलब्ध कराने तथा गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश अधीक्षकों को दिए गए. चौहान ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण को नियमित रूप से कराने, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं स्वास्थ्य रजिस्टर संधारण के निर्देश दिए गए. साथ ही छात्रावास में पेयजल, विद्युत व्यवस्था एवं सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया. निरीक्षण के दौरान सीसीटीवी कैमरों को सुचारू रूप से संचालित रखने एवं उन्हें मोबाइल से कनेक्ट रखने के निर्देश दिए गए,

कीर्तिसुधा जी मसा का मंगल प्रवेश

शाजापुर, 16 जुलाई. बेरछा नगर एवं सकल जैन श्रीसंघ बेरछा के लिए बुधवार का दिन ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण रहा. पावन चातुर्मास 2026 के लिए मालवा कीर्ति उपप्रवर्तिनी पूज्य श्री कीर्तिसुधा जी मसा आदि ठाणा-4 का मंगल प्रवेश श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ. इस अवसर पर नगर का वातावरण धर्ममय हो गया और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने गुरु भगवंत का जयघोष करते हुए भव्य अगवानी की.

आंगनवाड़ी केन्द्र का निरीक्षण किया

शाजापुर, 16 जुलाई. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय त्रिपाठी द्वारा सक्षम आंगनवाड़ी केन्द्र लालूपुरा, एकीकृत बाल विकास परियोजना बेरछा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया.

उक्त आंगनवाड़ी केन्द्र को सीएसआर मद से उन्नत किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत आंगनवाड़ी केन्द्र को आकर्षित बनाए जाने के लिए झूले, फिसलपट्टी, सीसॉ एवं बाला पेंटिंग करवाई जा रही है. त्रिपाठी ने निरीक्षण के दौरान आंगनवाड़ी केन्द्र पर करवाए जा रहे कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण करने के निर्देश प्रदान किए गए एवं उपस्थित बच्चों से आंगनवाड़ी केन्द्र द्वारा प्रदाय की जाने वाली सेवाओं की जानकारी ली.

लायंस क्लब का नि :शुल्क डायबिटीज जांच शिविर

मक्सी, 16 जुलाई. लायंस क्लब मक्सी द्वारा गुरुवार को स्वर्गीय लायन डॉ. हेमचंद जैन की पुण्य स्मृति में नया बाजार स्थित गुरुकृपा लैब में नि:शुल्क डायबिटीज जांच एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित किया गया.

शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने ब्लड शुगर की जांच कराई तथा मधुमेह से बचाव, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और समय-समय पर स्वास्थ्य जांच के संबंध में जानकारी प्राप्त की. कार्यक्रम का शुभारंभ स्व. डॉ. हेमचंद जैन के चित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया. क्लब अध्यक्ष लायन मयंक काबरा ने कहा कि लायंस क्लब मक्सी भविष्य में भी स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जनसेवा से जुड़े ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा. इस दौरान पीआरओ लायन सुरेंद्र पटेल, लायन तेजकरण नागर, लायन रामप्रसाद पाटीदार एवं लायन भारत परमार सहित क्लब सदस्य उपस्थित रहे. क्लब ने स्व. डॉ. हेमचंद जैन के परिवार, विशेषकर डॉ. अमित जैन, डॉ. अंकित जैन एवं श्रीमती जया जैन द्वारा जनसेवा गतिविधियों में दिए जा रहे निरंतर सहयोग के लिए आभार भी व्यक्त किया.

सीएमएचओ ने डेंगू रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

शाजापुर, 16 जुलाई. कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमला आर्य द्वारा डेंगू रथ को जिला मलेरिया कार्यालय के सामने से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया.

डेंगू एवं चिकनगुनिया से मुक्ति के लिए जनजागरूकता रथ संपूर्ण नगरीय सीमा में भ्रमण कर डेंगू से बचाव की जानकारी के पेम्पलेटस वितरण से प्रचार-प्रसार करने का कार्य भी करेगा. जो जिले के विभिन्न गांवों में जाकर बैनर-पोस्टर एवं माईक द्वारा प्रचार-प्रसार कर लोगों में मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया फैलाने वाले मच्छरों से बचाव के विभिन्न तरीकों से अवगत कराएगा तथा साथ ही फीवर केस के मरीजों की जांच की जाएगी. डेंगू रथ 16 से 31 जुलाई 2026 तक संपूर्ण जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सतत रूप से भ्रमण कर जनजागरूकता फैलाने का कार्य करेगा. इस मौके पर सीएस डॉ. बीएस मैना, मलेरिया अधिकारी डॉ. केपी सिंह, डॉ. सचिन नायक, डॉ. दीपक पाटीदार एवं समस्त मलेरिया स्टाफ उपस्थित था.

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों के तहत कलेक्टर ने किया निरीक्षण

श्रद्धालुओं के लिए मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

सोयतकला, 16 जुलाई. आगामी सिंहस्थ 2028 उज्जैन के दृष्टिगत व्यवस्थाओं को समय पर सुदृढ़ करने के उद्देश्य से कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने गुरुवार को सुसनेर क्षेत्र का भ्रमण कर होल्डिंग एरिया के संभावित स्थलों का निरीक्षण किया.

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आगर-सुसनेर मुख्य मार्ग पर सुसनेर से 7 किलोमीटर पूर्व, टोल प्लाजा के समीप स्थित भूमि का अवलोकन किया. इसके पश्चात उन्होंने ग्राम आंकली स्थित स्टेडियम परिसर के बाहर एवं पीछे उपलब्ध भूमि का भी सिंहस्थ के दौरान होल्डिंग एरिया बनाए जाने हेतु निरीक्षण किया. अधिकारियों से विस्तृत चर्चा के उपरांत उन्होंने इस स्थान को होल्डिंग एरिया के लिए उपयुक्त बताया. कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सिंहस्थ के दौरान आने वाले श्रद्धालुओं एवं वाहनों के ठहराव हेतु लगभग 1000 वाहनों की पार्किंग क्षमता के साथ होल्डिंग एरिया विकसित किया जाए. होल्डिंग एरिया में श्रद्धालुओं के लिए बिजली, पेयजल, छाया एवं शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराई जाएं. इसके लिए प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रस्तुत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए. निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आंकली स्टेडियम के बाहर मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे अवैध रूप से स्थापित गुमटियों, अस्थाई होटल एवं ढाबों को तत्काल हटाने के निर्देश तहसीलदार सुसनेर को दिए. उन्होंने कहा कि मुख्य मार्ग के दोनों ओर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न हो, यह सुनिश्चित किया जाए. इस भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्रीमती प्रीति यादव ने सोयतकलां के डूंगरगांव, राजस्थान सीमा पर स्थित टोल प्लाजा चेकपोस्ट पर सिहस्थ के मद्देनजर श्रद्धालुओं के लिए होल्डिंग एरिया बनाने के लिए स्थल का मौका मुआयना किया और अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाओं के निर्देश भी दिए. इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, एसडीएम सुश्री देवकुंवर सोलंकी, एसडीओपी देवकरण यादव, जिला जनसंपर्क अधिकारी जगदीश चंद्र मालवीय, थाना प्रभारी अक्षय सिंह सहित राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे.

नशे के खिलाफ जनजागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन

गुलाना में नशामुक्ति की शपथ दिलाई

शाजापुर, 16 जुलाई. शाजापुर जिले की तहसील गुलाना में आज नशे से दूरी है जरूरी 2.0 राष्ट्रीय अभियान के अंतर्गत नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम एवं रैली का आयोजन किया गया.

तहसील कार्यालय परिसर गुलाना में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी शाजापुर सुश्री मनीषा वास्कले ने हरी झंडी दिखाकर नशामुक्ति जनजागरूकता रैली को रवाना किया. इस अवसर पर स्कूली बच्चों एवं उपस्थित जनसमुदाय को जीवन में कभी भी नशा न करने की सामूहिक शपथ भी दिलाई गई. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सीईओ सुश्री वास्कले ने कहा कि नशा केवल एक व्यक्ति को नहीं, बल्कि पूरे परिवार और समाज को खोखला कर देता है. युवा पीढ़ी को इस लत से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए. आज की यह रैली समाज में एक सकारात्मक बदलाव लाएगी. डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी उप संचालक सुश्री नेहा गंगारे ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्यप्रदेश शासन के इस नशे से दूरी है जरूरी 2.0 अभियान का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति सचेत करना है. हम सभी का यह दायित्व है कि अपने आसपास के क्षेत्र को पूरी तरह नशामुक्त बनाने का संकल्प लें. रैली के दौरान सीएम राईज स्कूल के 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हाथों में नशामुक्ति के स्लोगन वाली पट्टियां और बैनर लेकर गुलाना क्षेत्र में भ्रमण किया तथा समाज को नशे के खिलाफ जागरूक रहने का संदेश दिया. संचालन नशामुक्ति केन्द्र शाजापुर के संचालक ओपी विजयवर्गीय ने किया.

घर से लापता हुई युवती, गुमशुदगी दर्ज

शुजालपुर, 16 जुलाई. मंडी क्षेत्र से एक 18 वर्षीय युवती संदिग्ध परिस्थितियों में घर से लापता हो गई. परिजनों ने काफी तलाश के बाद उसका कोई सुराग नहीं मिलने पर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है. पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है.

पुलिस के अनुसार पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 15 जुलाई की शाम करीब 6 बजे वे अपनी छोटी बेटी को कोचिंग से लेने गए थे. इस दौरान उनकी बड़ी बेटी घर पर अकेली थी. करीब 20 मिनट बाद वापस लौटने पर बेटी घर पर नहीं मिली. परिजनों ने आसपास के क्षेत्र और रिश्तेदारों के यहां उसकी तलाश की, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली. रिपोर्ट में आशंका जताई गई है कि कोई अज्ञात व्यक्ति युवती को अपने साथ ले गया है तथा किसी अज्ञात स्थान पर छिपाकर रखा है. पुलिस ने शिकायत के आधार पर गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

एक नजर में नगर में हर्षोल्लास से निकली भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

जगन्नाथ के भात, जगत पसारे हाथ ... जय जगन्नाथ

शाजापुर, 16 जुलाई. आ रही है पालकी, जय जगन्नाथ की... जगन्नाथ के भात, जगत पसारे हाथ... जय जगदीश हरे-हरे... जय जगन्नाथ-जय जगन्नाथ. ये जयकारे प्रात: से ही नगर में गूंज रहे थे. इन जयकारों के उद्घोष से वातावरण भगवान जगन्नाथ की भक्ति से सराबोर नजर आया. प्रतिवर्ष की तरह गुरुवार को नगर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई. रथयात्रा का विभिन्न संगठनों, समाजजनों और आमजनों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया. वहीं भगवान जगन्नाथ के रथ को खींचने के लिए भी लोग लालायित रहे.

नगर के डांसी क्षेत्र में स्थित जगदीश मंदिर से सुबह भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और बलदाऊ की प्रतिमाओं को लेने के लिए विधायक अरुण भीमावद, भावसार समाज अध्यक्ष, जगन्नाथ समिति पदाधिकारी व वरिष्ठ समाजजन पहुंचे और भावसार मोहल्ला स्थित धमर्शाला में प्रतिमाओं को विशेष वाहन से लाया गया. यहां पर मां हिंगलाज माता मंदिर में भगवान जगन्नाथ की आरती विधि-विधान से की गई. इसके बाद प्रतिमाओं को विशेष रूप से तैयार कराए गए रथ में विराजित कर जयघोष के साथ रथयात्रा की शुरुआत की गई. मंदिर में समाजजनों ने भगवान जगन्नाथ की आरती की. इसके बाद धमर्शाला परिसर से रथयात्रा शुरू की गई. जो नगर के सोमवारिया बाजार, आजाद चौक, छोटा चौक, वजीरपुरा, धानमंडी चौराहा, महुपुरा रपट होते हुए डांसी स्थित जगन्नाथ मंदिर पर पहुंची. रथयात्रा मार्ग पर जगह-जगह लोगों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया. अनेक भक्तों ने भगवान का पूजन किया और रथ के रस्से को खींचकर पुण्य लाभ लिया. यात्रा के दौरान रथ को रस्से से खींचते हुए भावसार समाज की महिलाएं, पुरुष, बच्चे सहित विभिन्न समाजजन और अन्य भक्त चल रहे थे. सबसे आगे बैंड और ढोल की धुन पर समाज की महिलाएं, पुरुष थिरकते हुए चल रहे थे.

जगन्नाथ मंदिर में हुआ यात्रा का विश्राम

साढ़े 11 बजे डांसीपुरा स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंचने पर यात्रा का विश्राम कर भगवान को मंदिर में दोबारा विराजित किया गया. रथयात्रा में भावसार समाज अध्यक्ष तुलसीराम भावसार, जगन्नाथ मंदिर समिति संयोजक रामचंद्र भावसार, यात्रा प्रभारी पंकज भावसार, सह प्रभारी दीपक भावसार, विकास लाला भावसार, अशोक भावसार, महेश भावसार, डॉ. अभय भावसार, संतोष भावसार, महिला मंडल अध्यक्ष निशा बराड़े, सचिव भावना भावसार, उपाध्यक्ष सरोज भावसार, सविता भावसार सहित आसपास के जिलों के समाज अध्यक्ष व पदाधिकारियों ने भी यहां पहुंचकर भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया. रथयात्रा में समाजजनों के अलावा कोतवाली थाना प्रभारी संतोष वाघेला, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेम जैन, उपाध्यक्ष पं. संतोष जोशी, सर्व हिन्दू उत्सव समित अध्यक्ष पं. आशीष नागर, विकास सिंदल, गोविंद नायक, दिलीप सिंदल, मनीष सोनी, रोहित विश्वकर्मा सहित नगर पालिका के सभापति, पार्षद एवं गणमान्यजनों ने रथ को खींचकर पुण्यलाभ अर्जित किया. नगर में भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा भव्य रूप से निकाली गई. इस आयोजन में न सिर्फभावसार समाज और नगर के गणमान्य नागरिकों ने सम्मिलित होकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन का सौभाग्य प्राप्त किया.

गांजा तस्कर को 15 महीने की कैद, 10 हजार जुर्माना

शाजापुर, 16 जुलाई. विशेष एनडीपीएस अदालत ने ढाई साल पुराने गांजा तस्करी मामले में आरोपी जाकिर खां को दोषी ठहराया. अदालत ने आरोपी को 15 महीने की सजा सुनाई और 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया. शासकीय अभिभाषक महेंद्र सिंह परमार ने बताया कि 18 अक्टूबर 2023 को बेरछा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मालीखेड़ी जंगल के पास घेराबंदी की थी. पुलिस ने जाकिर खां को पकड़कर उसके पास से 1 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया था. आरोपी ने पूछताछ में बताया था कि वह गांजा बिरगोद के बड़ले क्षेत्र से लाया था. पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा के तहत मामला दर्ज कर चालान पेश किया. सभी साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी माना. फैसले में अदालत ने कहा कि मादक पदार्थों की तस्करी समाज, विशेषकर युवाओं के लिए गंभीर खतरा है. मामले की जांच तत्कालीन सहायक उप निरीक्षक रामेश्वर पटेल ने की थी.